# पुलिस लाइन में लगाए गए पौधे

## हरियाली महोत्सव पर प्रकृति संरक्षण का संकल्प

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से हरियाली महोत्सव के अंतर्गत कल 5 जुलाई 2025, दिन शनिवार को पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों पौधों का रोपण कर प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डी.आई.जी.) डी. कल्याण चक्रवर्ती, जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, कमांडेंट निवेदिता गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता, वनमंडल अधिकारी डी.एफ.ओ. साहिल गर्ग, अमित निकम, डी.एस.पी. (यातायात) रामेश्वर प्रसाद चौबे, डी.एस.पी. (महिला प्रकोष्ठ) प्रियंका पांडे, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली आशीष धुर्वे, थाना प्रभारी देहात गोविंद राजपूत तथा थाना प्रभारी यातायात राकेश तिवारी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में अधिकारियों, पुलिस बल के सदस्यों एवं नवआरक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से पौधरोपण किया गया। उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की अपील की तथा भावी पीढ़ियों के लिए हरित धरोहर छोड़ने का संकल्प लिया।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल संचालन रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी, सूबेदार श्री लोहित, लाइन ऑफिसर केशव इंग्लें, राजेंद्र सिंह, सिराज खान, रामेश्वर तिवारी, राहुल ठाकुर एवं पुलिस लाइन छिंदवाड़ा के अधिकारी-कर्मचारी एवं नवआरक्षकों के समर्पित सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का समापन हरियाली बढ़ाओ, जीवन बचाओ के संकल्प के साथ किया गया। हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पुलिस लाईन छिन्दवाड़ा में किए वृक्षारोपण के दौरान सम्मिलित हुए पर्यावरण प्रेमियों का पुलिस अधीक्षक ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बांटी मिठाई



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा नेता व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित होने एवं छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू के भाजपा राष्ट्रीय परिषद में मध्य प्रदेश से सदस्य बनने पर अमरवाड़ा की हृदय स्थल फव्वारा शाहिद चौक में नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण करके जश्न मनाया गया।

मंडल अध्यक्ष (गोल्डी) सचिन नेमा ने बताया कि पड़ौसी जिले बैतूल के विधायक हेमंत खंडेलवाल छिंदवाड़ा की अधिकतम कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से परिचित हैं। अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भी सह प्रभारी के रूप में उनके नेतृत्व में भाजपा को विजय प्राप्त हुई है।

छिंदवाड़ा से पहली बार किसी भी आम चुनाव में भाजपा सांसद जीतने के पश्चात स्थानीय सांसद बंटी विवेक साहू को भाजपा की राष्ट्रीय परिषद में सदस्य निर्वाचित होने पर जिले के कार्यकर्ताओं को सम्मान प्रदान किया गया है। इस हेतु राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया

बताया जाता है कि हाल ही में संविधान की हत्या दिवस पर हेमंत खंडेलवाल अपना उद्बोधन देने के लिए जिला भाजपा कार्यालय छिन्दवाड़ा पहुंचे थे और उनका सानिध्य मिला था।

## सार समाचार

### शिवपुरी का भाजपा मंडल अध्यक्ष कर रहा है बीएमएएस के समानांतर संगठन का नेतृत्व

**परासिया, देशबन्धु।** पेंच एवं कन्हान क्षेत्र में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ में नई कार्यकारिणी को लेकर जो आपसी गुटबाजी एवं विवाद पैदा हुआ है और जिसके कारण गत गुरुवार को केंद्रीय कार्यकारिणी के 15 पदाधिकारीयों ने पद से इस्तीफा दिया है। इस मामले में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह पर समानांतर संगठन चलाने के जो आरोप लगे हैं, उसमे चौंकाने वाला बड़ा खुलासा हुआ है जिसमें यह बात सामने आई है कि समानांतर संगठन का नेतृत्व शिवपुरी भाजपा का मंडल अध्यक्ष कर रहा है।

जिन 15 पदाधिकारियों ने अखिल भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के नागपुर के अध्यक्ष संजय कुमार चौधरी को इस्तीफा भेजा है, उस पत्र में बताया गया कि गत 26 जून को जे.पी. एसोसिएट्स की कोयला खदान के कामगारों को अध्यक्ष एवं महामंत्री को बगैर जानकारी दिए कलेक्टर के पास ले जाया गया। दूसरी बात यह है कि भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री अर्जुन भारती, बी.एम.एस. कार्यालय से यह कहकर संगठन की गाड़ी ले गए कि उसमें प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह छिंदवाड़ा जाएंगे। लेकिन गाड़ी में शिवपुरी भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में बी.एम.एस. सदस्य संजय बावरिया, रामदास सोलंकी और अर्जुन भारती छिंदवाड़ा गये। वहां पर कलेक्टर से कामगारों की समस्या पर चर्चा की।

यह बात भी गौर करने वाली है कि हाल ही में नेहरिया कोयला खदान के प्रबंधक पर गड़बड़ी करने का आरोप लगाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने खदान से प्रबंधक का तबादला करने के लिए सांसद विवेक बंटी साहू को पत्र लिखा था, जिस पर सांसद ने वेकोलि के सीएमडी को पत्र लिखकर प्रबंधक का तबादला करने को कहा था। जबकि यह बात गौर करने वाली है कि खदान कर्मचारियों की समस्या हो या फिर किसी अधिकारी का मामला हो, भारतीय मजदूर संघ ही सारे मामले को डील करता है। इस मामले में कभी भी भाजपा के नेता न तो खदान कर्मचारियों के मामले में एवं भारतीय मजदूर संघ के संगठन के मामले में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। लेकिन पहली बार यह देखने में आया है कि भाजपा नेता खदान कर्मचारियों के मामले में न केवल हस्तक्षेप कर रहा है बल्कि भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ में समानांतर संगठन का नेतृत्व भी कर रहा है। जे पी खदान के कामगारों को कलेक्टर के पास ले जाने में जो बीएमएस के दो सदस्य गये थे उनमें से रामदास सोलंकी को नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष एवं संजय बावरिया को महामंत्री बनाना प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा तय किया गया है। जिसके बाद से बीएमएस संगठन में जमकर बवाल मचा हुआ है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए जत्था रवाना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए प्रतिदिन भक्तों के जत्थे रवाना हो रहे हैं आतंकवाद पर आस्था भारी की कहावत को चरितार्थ करते हुए भक्तों का यात्रा के रवाना होने का क्रम जारी है। शिव शक्ति सेवा मंडल के द्वारा प्रतिवर्ष अमरनाथ यात्रियों के पंजीयन की व्यवस्था, मेडिकल की व्यवस्था सहित यात्रा की संपूर्ण जानकारी भक्तों को दी जा रही है। मंडल सेवादार कृष्णा सेठिया, राकेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कल 5 जुलाई को पातालकोट एक्सप्रेस से 6 यात्रियों का जत्था यात्रा हेतु रवाना हुआ जिसमें तीरचंद साहू, मेघा साहू, प्रीति कनौजे, यशिका विश्वकर्मा, मालती विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा सम्मिलित हैं वे सभी जम्मू से पहलगाम होते हुए 10 जुलाई को बाबा अमरनाथ गुफा में दर्शन करेंगे। सभी यात्रियों को यात्रा की मंगलमय शुभ यात्रा की बधाई शुभकामना मंडल सेवादारों शुभचिंतकों ने दी। बता दें कि शहर छिन्दवाड़ा सहित सम्पूर्ण जिला और प्रदेश से अमरनाथ यात्रा जाने के लिए अनेक जत्थे रवाना हुए है तो वहीं सिवनी, पांढुर्णा जिले के यात्री भी पातालकोट एक्सप्रेस से अलग अलग दिनों में रवाना हो रहे है जिनकी यात्रा सफल हो।



# संतो के सानिध्य में दिंडी यात्रा आज



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परमात्मा की असीम कृपा से भगवान विट्ठल रुक्मणि के चरणों मे अर्पित की जाने वाली भव्य एवं दिव्य दिंडी यात्रा धर्म नगरी छिंदवाड़ा में निकाली जाएगी।

दिंडी यात्रा के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि संत गजानन गुणगान मंडल, सच्चिदानंद सेवा समिति एवं समग्र मराठी समाज द्वारा आषाढ़ी एकादशी देवशयनी ग्यारस के पावन पर्व पर दिंडी यात्रा आयोजित की गई है। आज 6 जुलाई दिन रविवार को प्रात: 7:30 बजे भगवान श्री गणेश भगवान विट्ठल रुक्मणि एवं देवी देवताओं का वैदिक मंत्रोच्चार से पंडित किशोर तातेकर द्वारा अभिषेक किया जाएगा।

आनंद बक्षी ने बताया कि प्रात: 11 बजे श्री शिरडी साई मंदिर विवेकानंद कॉलोनी में दिंडीयों का एकत्रीकरण होगा, दोपहर 12 बजे महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज, महामंडलेश्वर डॉ. वैभव अलौनी, ह.भ.प. चिंतामन गुरवे के परम सानिध्य में दिंडीया शिव गजानन मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी। शिव गजानन मंदिर में संतो के प्रवचन होंगे, यह उल्लेखनीय है कि दिंडी यात्रा में समस्त पुरुष भक्त सफेद वस्त्रों में एवं मातृशक्ति लाल वस्त्र धारण कर उपस्थित होंगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वनाथ ओकटे, विजय चौरे, नाना मोहोड़, अजय चौरे, संदीप मोहोड़, जयदेव राउत, रमेश पोफली, कांता योगेश सदारंग, विजय गावंडे सहित सभी जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न समाजों के जिला अध्यक्षगण, नगर निगम के पार्षदगण, मंडलो के अध्यक्ष एवं पंचायतों के प्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

एस.वी. पुराणिक, संजय औरंगाबादकर, अवधूत मोहगांवकर, सुभाष स्मार्त, वारकरी सम्प्रदाय की पारंपरिक दिंडीया, महिला मंडल, मंदिर समितियों के प्रमुख तथा सभी धर्म प्रेमियों ने दिंडी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया।

# संयुक्त मोर्चा ने कन्हान क्षेत्र की खदानों में की गेट मीटिंग

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय नेतृत्व ने केंद्र सरकार द्वारा मजदूरों, किसानों के खिलाफ नये हथकंडे अपनाते हुए श्रम कानूनों में संशोधन और बदलाव कर रही हैं, साथ ही जन विरोधी फैसले लेते हुए पूंजीपतियों और कार्पोरेट जगत के बचाव के कानूनों को अमली जामा पहना रही हैं, बेलगाम मंहगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, गरीबी का दंश झेल रही जनता परेशान हैं, जिसको लेकर श्रम संहिता, नीजिकरण, एम.डी. ओ., .एम.एस.पी. सहित अन्य कई मुद्दों को लेकर नौ जुलाई बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में सभी खदानों में गेट मीटिंग की जा रही हैं।



कल कन्हान क्षेत्र की तानसी कोयला खदान में सुखराम सय्याम, दीपक नागले, राजू सोलंकी, दयाशंकर सिंह, आशीष चौरे, घोड़ावाड़ी नं0 2 खदान में मतीन खान, महेश सुर्यवंशी, मो0 न्याज, अशोक भारती, मोहन कालरी की मुआरी खदान में मनोज ठग, मनोज राय, तेज प्रकाश सिंह, देवीचंद सुर्यवंशी, कय्यूम खान, अरविंद यादव, रमन साहू, अमरनाथ सिंह ने मजदूरों को संबोधित किया एवं कामगारों को नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल करने आह्वान किया गया।

## हड़ताल को लेकर नेहरिया खदान में भी मीटिंग

**परासिया, देशबन्धु।** केंद्र सरकार के द्वारा लागू किया गए लेबर कोड बिल तथा देश में बढ़ती बेरोजगारी एवं महगांई सहित अन्य मुद्दों को लेकर आगामी 9 जुलाई को केन्द्रीय श्रम संगठनो के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जा रही है।

कोयलांचल क्षेत्र में हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चे में शामिल श्रमिक संगठन इंटक, एटक, एचएमएस एवं सीटू ने शनिवार 5 जुलाई 2025 को नेहरिया खदान में गेट मीटिंग ली। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी मनोज तिवारी, रामकेरा यादव, अलाउददीन खान ने कर्मचारियों से वर्तमान केन्द्र सरकार को मजदूर एवं किसान विरोधी बताते हुए हड़ताल को सफल बनाने का आव्हान किया है।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी नवाचार की झलक

## इंस्पायर मानक योजना अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में नवाचार को मंच देने वाली इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन शनिवार 5 जुलाई को हुआ। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा में 4 एवं 5 जुलाई 2025 को आयोजित इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का समापन कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार तथा अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जिले के दूरस्थ अंचलों से आए विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडल्स का अवलोकन किया तथा बच्चों से उनके नवाचारों की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की यह योजना विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने हेतु एक सशक्त मंच है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में सबसे अधिक 416 विद्यार्थियों के आईडिया चयनित होने पर छिन्दवाड़ा जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षा विभाग को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंस्पायर मानक योजना उन बच्चों के लिए विशेष अवसर है, जो विज्ञान में रुचि रखते हैं और अपने विचारों को कार्यरूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं। यह प्रदर्शनी बच्चों को सोचने, समझने और रचनात्मकता के साथ जुड़ने का अवसर देती है।

जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल ने प्रदर्शनी के दौरान योजना की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय नव प्रवर्तन विभाग, नई दिल्ली द्वारा जिले के 495 विद्यार्थियों को अवार्ड दिया गया था, जिनमें से 334 विद्यार्थियों ने स्वयं के बनाए प्रोटोटाइप/मॉडल प्रदर्शित किए।

निर्णायक समिति द्वारा इनमें से 10 प्रतिशत मॉडल्स का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु किया गया। निर्णायक समिति में विराट त्रिपाठी, सूरज कोठारी (भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नामांकित सदस्य), ए.सी. लाम्बा (शासकीय पी.जी. कॉलेज) एवं डॉ. माहिम चतुर्वेदी (राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय) शामिल थे।

कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक जे.के. इडपाची, सहायक संचालक स्कूल शिक्षा डी.पी. डेहरिया, पी.एल. मेश्राम, जनजातीय कार्य विभाग से उमेश सातनकर, ए.डी.पी.सी. गिरिश शर्मा, प्राचार्य अवधूत काले, व्यावसायिक समन्वयक डॉ. साबिर फारूकी एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्रीमती अमिता शर्मा, शिक्षक संतोष गौतम और विशेष रूप से संचालन करने वाले शिक्षक धीरेन्द्र दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बता दें कि इंस्पायर मानक योजना में 495 छात्रों का चयन हुआ है। दो दिवसीय हुए कार्यक्रम में काफी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी, पालक एवं उत्कृष्ट विद्यालय के अलावा अन्य शालाओं के शिक्षकगण उपस्थित थे।








# विपक्ष पर बरसे भाजपा के चार आदिवासी नेता

## कहा, जबरन तूल दे रहा विपक्ष, नौ में से सात आरोपी हुए गिरफ्तार

### ग्राम तुईयापानी में आदिवासी के साथ अमानवीय कृत्य का मामला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हर्रई के ग्राम तुईयापानी 29 मई की रात में हुए आपसी लेनदेन के विवाद को विपक्ष के नेताओं द्वारा राजनीतिक रंग देने पर अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह एवं भाजपा नेताओं द्वारा आड़े हाथ लेते हुए उस रात को घटित घटना की वास्तविकता से सभी को अवगत करवाया। पीड़ित की शिकायत पर 9 आरोपियों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज की जा चुकी है जिसमें से 7 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके है और पुलिस 2 आरोपी की तलाश कर रही है।

अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश शाह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग तुईयापानी में 29 मई की रात में दो पक्षों में आपसी लेन देन को लेकर विवाद हुआ जिसके संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा 30 मई को पुलिस थाना हर्रई में मारपीट की शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी। पुलिस थाना हर्रई द्वारा पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। श्री शाह ने कहा कि इस आपसी लेनदेन के विवाद को विपक्ष के नेताओं द्वारा राजनीतिक रंग देते हुए घटना को झूठ बोलकर और बढ़ा चढ़ाकर प्रदर्शित किया जाकर शांतिपूर्ण जिले का सांप्रदायिक सौहाद्र बिगाड़ने को कोशिश करते हुए राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है।

श्री शाह ने कहा कि मैं लगातार पुलिस अधिकारियों के संपर्क में हूं और मामले पर नजर बनाए हुए हूं। श्री शाह ने कहा कि भाजपा शासनकाल में किसी के भी साथ अन्याय नहीं होता है। श्री शाह ने कहा कि मैं जनता को विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार है और दोषियों को किसी भी परिस्थिति में बक्शा नहीं जायेगा। श्री शाह ने कहा कि विपक्षी झूठ बोलकर हमारे भोले भाले ग्रामीण भाइयों को भड़काकर जिले शांति भंग करने की कोशिश ना करें। इस अवसर पर

भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश अंगारिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता उत्तम ठाकुर, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सुश्री मोनिका बट्टी ने भी कहा है कि विपक्ष द्वारा लगाऐं जा रहे आरोप निराधार है, जो आरोपी है उन्हें पुलिस किसी तरह बक्शेगी नहीं लेकिन विपक्ष झूठ बोलकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास न करें, क्योंकि थूकना और पेशाब पिलाने की घटना पूरी तरह से निराधार है, यदि ऐसा होता तो प्राथमिकी दर्ज कराते समय ही पीड़ित पक्ष पुलिस के सामने उसी समय रखता। पुलिस ने पर्याप्त कार्यवाही की है और फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।



# देशी डिप्लोमा के प्रशिक्षणार्थियों को प्रदाय किए गए प्रमाण पत्र



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में संचालित एक वर्षीय देसी डिप्लोमा कोर्स मैनेज हैदराबाद द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसमें विगत वर्ष में देसी डिप्लोमा कोर्स का आयोजन दो एन.टी.आई में किया गया। जिसकी अंतिम परीक्षा उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को गत 04 जुलाई 2025 को उप संचालक, कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा 40-40 कुल 80 प्रशिक्षणार्थीयों को डिप्लोमा सर्टिफिक्रेट प्रदाय किये गये। जिसमें एन.टी.आई. परियोजना संचालक आत्मा छिन्दवाड़ा में प्रथम स्थान उमाशंकर राय, द्वितीय स्थान अमन रघुवंशी एवं तृतीय स्थान जितेन्द्र कुमार चौरे द्वारा एवं एन.टी.आई. आंचलिक अनुसंधान केन्द्र चंदनगांव छिन्दवाड़ा में प्रथम स्थान महेन्द्र राय, द्वितीय स्थान योगेश करमेले एवं तृतीय स्थान श्रीमति मोनिका सूर्यवंशी द्वारा प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति प्राची कौतू, उप परियोजना संचालक आत्मा छिन्दवाड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर.सी. शर्मा सह संचालक, आंचलिक अनुसंधान केन्द्र चंदनगांव छिन्दवाड़ा, डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगांव छिन्दवाड़ा, डॉ पक्षवार उप संचालक पशुपालन छिन्दवाड़ा एवं एन.टी.आई. फेसिलिटेटर आर. कामड़े द्वारा भाग लिया गया।

## सार समाचार

### लापता नाबालिग बालिका स्वयं पहुंच गई थाने

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेजवाड़ा की रहने वाली एक 17 वर्षीय नाबालिक बालिका इसके माता-पिता बनी मजदूरी का काम करते हैं रविवार के दिन लापता हुई बालिका के गुमशुदगी की रिपोर्ट दोनों के द्वारा पुलिस थाना अमरवाड़ा में आकर लिखाई गई थी। बालिका के लापता होने का कारण पिता द्वारा बालिका को आए दिन घरेलू बातों को लेकर डांटते डपट्टे रहते हैं पिता के द्वारा एक ताबीज लड़की के गले में पहनाया था जो लड़की ने उतार दी थी इसी बात को लेकर पिता ने डांटा तो गुस्से में आकर नाबालिक बालिका रविवार को अपने घर से बिना बताए चली गई, घूमते-घूमते बालिका सेजवाड़ा के जंगल में चली गई थी लेकिन रात्रि में गांव के नजदीक खेत में बनी एक टपरिया में रुकी रही दिन निकलने पर उसने सोचा घर जाऊंगी तो फिर से डांट पड़ेगी इसलिए खेत की टपरिया से निकलकर ग्राम बाकी के पास से बस में बैठकर थाना आ गई यह बात उसने आज आकर थाना मैं बताई। थानेदार दीपा ठाकुर एवं सहायक निरीक्षक नूर सिंह ने तत्काल बालिका के माता-पिता को बुलाकर अप्रहत बालिका को उनके सुपुर्द कर दिया।

### भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा में आज परिचय वर्ग का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को भोपाल में हुई थी। 70 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा के कार्यक्रमों का आयोजन म.प्र. भोपाल से 23 जुलाई 2024 रविन्द्र भवन से प्रारंभ हुआ। इस प्रारंभिक कार्यक्रम में अखिल भारतीय पदाधिकारी तथा म.प्र. की विस्तारित कार्यसमिति और प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के पालक अधिकारी श्री भरैया का प्रेरणादायी मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। इसी कार्यक्रम के दौरान 23 जुलाई 2024 से 23 जुलाई 2025 पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया। वर्ष के दौरान भारतीय मजदूर संघ के स्थायी उत्सव 28 अगस्त पर्यावरण दिवस, 17 सितम्बर राष्ट्रीय श्रम दिवस, समरसत्ता दिवस, 12 दिसम्बर स्वदेशी दिवस के अतिरिक्त 17 वें वर्ष के दौरान अलग -अलग माह में अलग-अलग प्रदेश भर में आयोजन किया गया। 6 सितम्बर 2025 कुटुम्ब प्रबोधन पर कार्यक्रम, नवम्बर 2025 नागरिक मौलिक एवं कर्त्तव्य दिवस, 1 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक पूरे प्रदेश भर में आउटसोर्स/असंगठित व संगठित क्षेत्र में व्यापक श्रमिक संपर्क अभियान सम्पन्न किया गया। 1 जनवरी से 15 मार्च तक श्रद्धा निधि का संकलन किया गया। 70 वर्ष के कार्यक्रमों के अन्तर्गत युवा सम्मेलन 20 फरवरी 2025 को भोपाल, महिला सम्मेलन मार्च 2025, अप्रैल 18, 19, 20 युवा कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग भोपाल एजून महिला अभ्यास वर्ग, युवा कार्यकर्ता सम्मेलन, 8 जून को जबलपुर में संभागीय प्रदेश वक्ता प्रशिक्षण शिविर आदि कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

70 वर्ष के कार्यक्रमों के अन्तर्गत आज 06 जुलाई 2025 को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में भारतीय मजदूर संघ के द्वारा परिचय वर्ग का आयोजन किया गया यह परिचय वर्ग का कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा जिसके प्रथम सत्र में भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति एवं कार्यपद्धति तथा द्वितीय सत्र में भारतीय मजदूर संघ की कार्यपद्धति, विभाग व्यवस्था जिला समिति आदि विषय के साथ ही 23 जुलाई 2024 से अभी तक सम्पन्न हुये 70 वर्ष के स्वर्णिम यात्रा में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा होगी। आज 06 जुलाई 2025 को सायं 4 बजे कार्यक्रम का आयोजन माधव स्मृति भवन मनोरमा पब्लिक स्कूल के पास कोतवाली थाने के पीछे, छिन्दवाड़ा में आयोजित किया गया हैं। 23 जुलाई 2025 को नई दिल्ली में सम्पन्न होने वाले अंतिम 70 वर्ष के अंतिम कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व के संबंध में निर्णय लेकर भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध सभी श्रमिक संघ पदाधिकारी, राज्य कर्मचारी संघ एवं कार्यकर्ताओं से संजय शक्रवार विभाग प्रमुख, जिलाध्यक्ष मंजू राहंगडाले, जिला मंत्री अर्जुन भारती, उपाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन सात को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में कल 07 जुलाई 2025 को मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा एफटीसी के लिये आईटीआई उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के लिये प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

## नगर में जगह-जगह हो रहे गड्ढे भरे विभाग : नितिन राय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पिछले कई दिनों से नगर निगम की सीमा से लगे क्षेत्रों के चारो ओर जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे है जिसके कारण आये दिन दुर्घटनायें होती जा रही है। इस विषय को लेकर शिवसेना नेता नितिन राय ने नगर निगम एवं पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से नगर की सीमा से लगे क्षेत्रों में शीघ्र ही इन गड्ढो को भरने एवं स्पीड ब्रेकर बनाने की बात कही है साथ ही कहा है कि अगर विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन करने बाध्य होना पड़ेगा।

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक पेंशनर्स सदन में आयोजित, नौ जुलाई को सीएम को सौपेंगे ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 5 जुलाई को म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ जिला छिंदवाड़ा की बैठक जिला पेंशनर्स सदन छिंदवाड़ा में सम्पन्न हुई जिसमें जिला सचिव रमेश शर्मा द्वारा बताया गया कि आगामी 9 जुलाई 2025 को दोपहर 3 बजे शिक्षकों को ई. अटेंडेंस के लिए बाध्य न किये जाने के सम्बंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जावेगा।

इसी तरह 24 अगस्त 2025 को जिला स्तरीय सम्मेलन किये जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शिक्षकों के नियम विरूद्ध किये गए स्थानांतरण, 24 वर्ष क्रमोन्नति वेतनमान व अन्य समस्याओं को लेकर सम्बंधित विभाग प्रमुख को ज्ञापन दिया जावेगा। बैठक में तुकाराम दुर्गे, डॉ. एम.के. मौर्य, दिनेश डेहरिया, डॉ. पंकज माहोरे, महेश सुलखिया, अरविंद भट्ट, शेखर पांडे, डी.एस. घाघरे, एस.एल. ब्रम्हे, किशोर साहू, किरण शर्मा, सुदेश शर्मा, संजय डेहरिया, माहौरे, माखनलाल यादव, दीपक भारती, संजय मटकर, अरूण दत्त मिश्रा, पांडे व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में संगठन एकता के डोर में और मजबूत बढ़े संकल्प के साथ बैठक संपन्न हुई।



# स्वच्छता का संकल्प लेकर लगाए मां के नाम पौधे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हम संकल्प लेते हैं कि जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करते हुए एक पौधा मां के नाम लगाएंगे, प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल भी नहीं करेंगे और अपने प्रिय छिंदवाड़ा को स्वच्छ-स्वस्थ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान देंग।

उक्त संकल्प नगर के गोधूलि वृद्धाश्रम में चलाए गए सर्वोदय अहिंसा अभियान के तहत अहिंसा प्रेमियों को दिलाया सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने जिनके साथ अनूप श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अहिंसा प्रेमी उपस्थित रहे।

सभी ने गोधूलि वृद्धाश्रम में निवास कर रहे 86 बुजुर्गों की कुशल क्षेम पूछी ओर सेवा कार्य कर उन्हें बहुत ही आदर एवं विनय भाव से भोजन कराया, इस अवसर सभी बुजुर्गों सहित उनकी सेवा में सलग्न सेवा कर्मियों का शॉल से सम्मान किया एवं बारिश से बचने सभी को छाता का वितरण कर एक पौधा मां के नाम लगाया ओर अपने अपने पूज्य माता पिता की सेवा करने का संकल्प लिया।

अहिंसा प्रेमियों के हृदय स्पर्शी सुमधुर व्यवहार एवं वात्सल्य भाव से प्रेरित होकर सभी बुजुर्गों ने सर्वोदय अहिंसा की टीम को हृदय से आशीर्वाद देकर उनके मंगलमय उज्वल भविष्य की कामना की।

# रोटरी क्लब में नए पदाधिकारियों ने किया कार्यभार गृहण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा का इंस्टालेशन सेरेमनी शुक्रवार 4 जुलाई 2025 को होटल देव में नवीन पदाधिकारीयो के पदभार ग्रहण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी क्लब 3040 के डी.जी.एन. रोटे. मुकेश साहू के मुख्य आतिथ्य में एवम गेस्ट ऑफ ऑनर राजा शंकर शाह विश्व विद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर इंद्रा प्रसाद त्रिपाठी व विशेष अतिथि ए.केएस. रोटे. प्रीति साहू, इंस्टालेशन ऑफिसर ए.जी. रोटे. सी.ए. राजेश साहू, विशेष अतिथि रीजनल कोडिनेट रोटे. अर्पित नेमा की उपस्थिति में रोटरी क्लब के अध्यक्ष के रूप में रोटे. विनोद तिवारी को कालर पहनाकर पदभार ग्रहण करवाया गया। वहीं सचिव के रूप में रोटे. निलेश गुप्ता को कॉलर पहनाकर सचिव का दायित्व सौप गया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रोटे दीपक खंडेलवाल एवम सचिव आशीष जैन ने अपने कार्यकाल के लिए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान कर नए-नए पदाधिकारीयो को बधाई दी एवम पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल में सक्रिय योगदान के लिए रोटेरियन साथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नवनिर्वाचित रोटरी क्लब अध्यक्ष रोटे. विनोद तिवारी ने अपनी नई टीम के साथ वर्ष भर किए जाने वाले अपने ड्रीम प्रोजेक्ट की जानकारी दी एवम कहा की सभी रोटेरियन साथियों के साथ-साथ सभी सामाजिक संस्थाओ के साथ सेवा भावी कार्य करते हुए इस वर्ष की थीम यूनाइट फॉर गुड को साकार करते हुए उड़ान भरने का कार्य करेगे।

साथ ही शिक्षा, स्वास्थ, स्वच्छता, पर्यावरण, जल संरक्षण सहित हैप्पी स्कूल, मेंबरशिप ग्रोथ, रायला प्रोजेक्ट, फेलोशिप रक्तदान बालिका शिक्षा सहित रोटरी क्लब के मूल उद्देश्यो पर आधारित कार्य करते हुए सेवा भावी कार्य करने का विश्वास दिलाया।

उन्होंने बच्चों के लिए केरियर काउंसलिंग के लिए अनुभवी काउंसलर एवम युवाओं के लिए रोजगार मुखी शिक्षा को अपना सिग्नेचर प्रोजेक्ट बताया। मंच से उन्होंने नए रोटेक्टर क्लब की घोषणा करते हुए सभी नए मेंबर्स का परिचय करवाया साथ ही शीघ्र इनट्रेक्ट क्लब बनाने की बात कही। रोटरी क्लब में नए रोटरी मेंबर्स के रूप में प्रतीक मक्कड़ को मुख्य अतिथि रोटे. मुकेश साहू ने रोटरी पिन लगाकर रोटरी क्लब की मेंबरशिप प्रदान कर रोटरी परिवार में शामिल किया। वहीं राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. इंद्रा प्रसाद त्रिपाठी को रोटरी पिन लगाकर ऑनररी मेंबरशिप प्रदान की गई।



कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि 3040 के डी.जी.आर. रोटेरियन मुकेश साहू ने कहा की छिंदवाड़ा रोटरी क्लब 52 वर्ष पुराना एवम एक ऊर्जावान अनुशासित क्लब है आपके क्लब ने पूर्व के वर्षो में राहत प्रोजेक्ट कर एक मिसाल सेवा की एक मिसाल पेश की है जिसका आज भी 3040 डिस्ट्रिक में सम्मान के साथ नाम दर्ज है। इतना ही नहीं पिछले वर्ष पूरे 100 दिन स्वास्थ शिविर लगाकर बड़ी संख्या में लोगो को स्वास्थ लाभ दिलवाया इसकी प्रशसा इस बार रोटरी अवार्ड सेरेमनी में पुरे 3040 डिस्ट्रिक में चर्चा है, आप सभी बधाई के पात्र है।

उन्होंने कहा की इस वर्ष की रोटरी थीम यूनाइट फॉर गुड अर्थात भलाई के लिए एकजुट होना है और यह रोटेरियन को सकारात्मक परिवर्तन लाने लिए एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा नए पदाधिकारी बहुत ही ऊर्जावान साथी है पूरी उम्मीद है आप क्लब अध्यक्ष विनोद तिवारी के नेतृत्व में 3040 डिस्ट्रिक में नई मिसाल पेश करेगे, आप सभी को अग्रिम शुभकामनाएं।

गेस्ट ऑफ ऑनर कुलपति श्री त्रिपाठी ने कहा की रोटरी क्लब विश्व की सबसे बड़ी सेवा भावी संस्था है इसके सेवा भावी कार्य अत्यंत ही सराहनीय है, आज की नई कार्यकारणी को मेरी और से बधाई। कार्यक्रम में असिस्टेंट गवर्नर सी.ए. राजेश साहू व आर.सी. अर्पित नेमा ने पुरानी कार्यकारणी के किए कार्यों की प्रशंसा की एवम नवीन कार्यकारणी को और ऊर्जा के साथ उत्साहपूर्वक वर्ष भर रोटरी के उद्देश्य के अनुरूप करने की बात कही।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष विनोद तिवारी, सचिव निलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रूपल अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, स्रजेंट एट आर्म निलेश लाट, ज्वाइंट सेक्रेटरी नंदकिशोर डोडानी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप चंदेल, मेंबरशिप डेवलपमेंट चेयर पंकज अग्रवाल, रोटरी फाउंडर चेयर मनोज अग्रवाल, लिटरेसी चेयर बलदेव मिगलानी, पब्लिक इमेज अंशुल गोयल एवम क्लब मेंटर डॉक्टर अनुराग माथुर, पीआरओ अमित मक्कड़ ने क्लब कार्यकारणी के रूप में शपथ ली। कार्यक्रम में सीनियर मेंबर्स डॉक्टर एच.बी. सुनेजा का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों को शाल श्रीफल एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटे संदीप सिंह चंदेल एवम आभार व्यक्त सचिव निलेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटरी मेंबर्स, रोटरी क्लब प्राइट की असिस्टेंट गवर्नर नीलम डोडानी, अध्यक्ष अनिता बत्रा, सचिव श्वेता जैन, अंजली नायक, सहित इन्हारवील क्लब, रोटेक्ट्र क्लब, रोटरी क्लब, पेच परासिया, रोटरी क्लब पांढुर्णा, लायंस क्लब ग्रेटर सहित वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसियाए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, एन एस एस के जिला संगठक रविन्द्र नाफडे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अशरफ अली, संकल्प वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा, समाजसेवी डाक्टर महेश विश्वकर्मा, आशीष साहू, तृप्ति सिंह, मुकेश दीक्षित आदि